# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

## प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट - 1**

| कक्षा- 12 | विषय- भूगोल | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **कुल 40 प्रश्न हैं।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

1. निम्नलिखित में से कौन सामाजिक भूगोल का उपक्षेत्र नहीं है?

क. व्यवहारवादी भूगोल
ख. सांस्कृतिक भूगोल
ग. चिकित्सा भूगोल
घ. सैन्य भूगोल

2. इनमें से कौन राजनीतिक भूगोल का उपक्षेत्र है।

क. निर्वाचन भूगोल
ख. पर्यटन भूगोल
ग. भौतिक भूगोल
घ. चिकित्सा भूगोल

3. इनमें से कौन आर्थिक भूगोल का उपक्षेत्र नहीं है।

क. संसाधन भूगोल
ख. कृषि भूगोल
ग. उद्योग भूगोल
घ. ऐतिहासिक भूगोल

4. विश्व के दस सर्वाधिक आबाद देशों में विश्व की लगभग कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है ।

क. 40 प्रतिशत
ख. 50 प्रतिशत
ग. 60 प्रतिशत
घ. 70 प्रतिशत

5. किसी भी देश का वास्तविक धन क्या होता है?

क. देश के निवासी
ख. देश के अन्य संसाधन
ग. देश की अर्थव्यवस्था
घ. देश के उद्योग

6. "एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं।" यह किसका कथन है?

क. रैटजल
ख. हम्बोल्ट
ग. जॉर्ज बी क्रेसी
घ. एलन सेंपुल

7. इनमें से कौन विश्व का सबसे सघन बसा हुआ क्षेत्र है?

क. नदी घाटी क्षेत्र | ख. मरुस्थलीय क्षेत्र

ग. टुन्ड्रा क्षेत्र | घ. विषुवतीय क्षेत्र

8. इनमें से कौन जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है?

क. भू आकृति | ख. जल की उपलब्धता

ग. जलवायु | घ. मृदाएँ

9. किस प्रकार की मिट्टी वाले प्रदेशों में अधिक लोग निवास करते हैं?

क. लाल मिट्टी | ख. लेटेराइट मिट्टी

ग. दोमट मिट्टी | घ. मरुस्थलीय मिट्टी

10. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत के किस अवस्था में जन्म दर और मृत्यु दर दोनों उच्च होता है?

क. प्रथम अवस्था ` | ख. द्वितीय अवस्था

ग. तृतीय अवस्था | घ. चतुर्थ अवस्था

11. विकसित राष्ट्र सामान्यत: जनाकिकीय संक्रमण के किस अवस्था में होते हैं?

क. प्रथम अवस्था | ख. द्वितीय अवस्था

ग. तृतीय अवस्था | घ. चतुर्थ अवस्था

12. प्रति हजार पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या को क्या कहते हैं?

क. जनसंख्या घनत्व | ख. लिंगानुपात

ग. जनसंख्या वृद्धि दर | घ. जनसंख्या संघटन

13. इनमें से कौन गुणात्मक परिवर्तन है जो मूल्य सापेक्ष होता है?

क. वृद्धि | ख. विकास

ग. क एवं ख दोनों | घ. इनमें से कोई नहीं

14. इनमें से किस देश का जीवन प्रत्याशा सर्वाधिक है?

क. आस्ट्रेलिया | ख. जापान

ग. भारत | घ. पाकिस्तान

15. मानव विकास के आधारभूत आवश्यकता उपागम को मूलरूप से किस संगठन ने प्रस्तावित किया था?

क. यूनेस्को | ख. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

ग. विश्व स्वास्थ्य संगठन | घ. अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक संगठन

16. इनमें से किस देश का मानव विकास सूचकांक भारत से ऊँचा है?

क. श्रीलंका　　ख. त्रिनिदाद

ग. टोबैगो　　घ. सोमालिया

17. किस क्षेत्र में कार्यकलाप करने वाले लोग लाल कॉलर श्रमिक कहलाते हैं?

क. प्राथमिक　　ख. द्वितीयक

ग. तृतीयक　　घ. चतुर्थक

18. मानव के कौन सी आर्थिक क्रियाएँ प्राचीनतम है?

क. कृषि　　ख. भोजन संग्रहण एवं आखेट

ग. उद्योग धंधे　　घ. व्यापार

19. जर्मनी में आधुनिक भूगोल के किस विचारधारा का विकास हुआ है?

क. प्रकृतिवाद　　ख. नियतिवाद

ग. निश्चयवाद　　घ. सभी

20. अर्द्धकुंडे' के लेखक कौन हैं?

क. फ्रेडरिक रैटजल　　ख. कार्ल रिटर

ग. बेरेनियस　　घ. डी. ला. ब्लांश

21. संभववाद शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किनके द्वारा किया गया था?

क. फ्रेडरिक रैटजल　　ख. कार्ल रिटर

ग. फेब्रे　　घ. बेरेनियस

22. ओरिजिन ऑफ स्पीसीज सिद्धांत का संबंध निम्नलिखित में से किस विद्वान से है?

क. डार्विन　　ख. कार्ल रिटर

ग. बेरेनियस　　घ. डी ला ब्लांश

23. "फ्रांसीसी भूगोल के जनक जिन्हें संभाववादी विचारधारा का चैम्पियन भी कहा जाता है।" यह कथन किस भूगोलवेत्ता से संबन्धित है?

क. फ्रेडरिक रैटजल　　ख. कार्ल रिटर

ग. बेरेनियस　　घ. डी. ला. ब्लांश

24. पर्यावरणीय निश्चयवादी विचारधारा की शुरुआत जर्मनी के किस विद्वान द्वारा किया गया था?

क. हम्बोल्ट　　ख. कार्ल रिटर

ग. बेरेनियस　　घ. डी. ला. ब्लांश

25. ज्योग्राफिया नेचुरेलिस के लेखक कौन हैं?

क. इरेटास्थनीज ख. डार्विन

ख. कार्ल रिटर ग. बेरेनियस

26. आधुनिक भूगोल के संस्थापक किसे कहा जाता है?

क. हम्बोल्ट ख. कार्ल रिटर

ग. बेरेनियस घ. डी. ला. ब्लांश

27. पर्यावरणीय निश्चयवादी विचारधारा के समर्थक विद्वान एलेन सेंपुल किस देश की थी?

क. जर्मनी ख. फ्रांस

ग. स.रा. अमेरिका घ. ब्रिटेन

28. ज्योग्राफिया पुस्तक जिसे भूगोल का वेद भी कहा जाता है के लेखक कौन है?

क. इरेटास्थनीज ख.कार्ल रिटर

ग. इमैनुअल कान्ट घ. फेब्रे

29. विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत भाग भारत में है?

क. 12.5 ख. 14.5

ग. 17.5 घ. 20

30. सबसे कम जनसंख्या निम्नलिखित मे से किस महाद्वीप में स्थित है?

क. द. अमेरिका ख. यूरोप

ग. आस्ट्रेलिया घ. अफ्रीका

31. अफ्रीका महाद्वीप में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौन है?

क. सूडान ख. नाइजीरिया

ग. द. अफ्रीका घ. केन्या

32. विषम जलवायु के कारण निम्नलिखित में से सबसे विरल जनसंख्या वाला प्रदेश कौन है?

क. मानसून एशिया ख. यूरोप

ग. उत्तरी पूर्वी अमेरिका घ. विषुवतीय क्षेत्र

33. जनांकिकीय संक्रमण की किस अवस्था में जनसंख्या विस्फोट होता है?

क. प्रथम ख. द्वितीय

ग. तृतीय घ. चतुर्थ

34. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक जलवायु है। निम्नलिखित में से कौन सी जलवायु सघन जनसंख्या के लिए उत्तरदायी है?

क. उष्ण ख. शीतोष्ण

ग. अति उष्ण घ. शीत

35. जनांकिकीय संक्रमण की प्रथम अवस्था की प्रमुख विशेषता की पहचान नीचे दिये गए विकल्प से करें।

क. जन्म दर उच्च तथा मृत्यु दर निम्न

ख. जन्म दर निम्न तथा मृत्यु दर उच्च

ग. जन्म दर तथा मृत्यु दर दोनों ही निम्न

घ. जन्म दर और मृत्यु दर दोनों ही उच्च

36. जनांकिकीय संक्रमण का सिद्धांत पहली बार किनके द्वारा दिया गया था?

क. अरस्तू ख. ब्लांश

ग. फ्रेडरिक रैटजल घ. थॉमप्सन

37. कुल क्षेत्रफल तथा कुल जनसंख्या के आधार पर क्या निर्धारित किया जाता है?

क. साक्षरता दर ख. जन्म दर

ग. वृद्धि दर घ. घनत्व

38. आयु- लिंग पिरामिड से जनसंख्या के किस विशेषता को प्रदर्शित किया जाता है?

क. आयु संरचना ख. लिंग संघटन

ग. ग्रामीण - नगरीय संघटन घ. क एवं ख दोनों

39. जनसंख्या पिरामिड में बायाँ भाग की चौड़ाई दायाँ भाग से अधिक होना क्या प्रदर्शित करता है?

क. स्त्री जनसंख्या की अधिकता

ख. पुरूष जनसंख्या की अधिकता

ग. विस्तारित जनसंख्या

घ. स्थिर जनसंख्या

40. जन्म दर और मृत्यु दर दोनों का समान होना क्या प्रदर्शित करता है?

क. विस्तारित होती जनसंख्या ख. स्थिर जनसंख्या

ग. घटती जनसंख्या घ. इनमें सभी